


*शब्द-अर्थ*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नानी | - | माँ की माँ | कागज़ | - | पर्चा |
| कहानी | - | कथा | पत्र | - | चिट्ठी |
| बुलावा | - | निमंत्रण | बारिश | - | वर्षा |
| तैयारी | - | प्रस्तुति/तैयार होने की क्रिया | इंतज़ार | - | प्रतीक्षा |

**1. प्रश्नों के उत्तर दें—**

(i) वैजंती चाँद को ई-मेल क्यों लिखना चाहती थी?

····वैजंती चाँद को अपने घर खाने का बुलावा भेजने के लिए ई-मेल लिखना चाहती थी।····

(ii) क्या वैजंती की बात चाँद तक पहुँच सकती थी?

····वैजंती की बात चाँद तक नहीं पहुँच सकती थी।····

(iii) वैजंती खाने में क्या बनवाती?

····वैजंती खाने में अपनी मनपसंद चीज़ें हलवा-पूरी, खीर, रसम, इडली, डोसा, सांभर, मैसूर पाक आदि बनवाती।····

(iv) चमकते चाँद को देखकर वैजंती क्या करना चाहती थी?

····चमकते चाँद से वैजंती बहुत सारी बातें करना चाहती थी।····

(v) वैजंती का ई-मेल क्यों नहीं गया?

····तार टूट जाने के कारण इंटरनेट काम नहीं कर रहा था, जिसके ~~कारण वैजंती का~~ (इसलिए) ई-मेल नहीं गया।····

**2. एक शब्द में उत्तर दें—**

(i) वैजंती ने किसको ई-मेल लिखवाया? ····चंदा मामा को····

(ii) वैजंती चंदा को घर क्यों बुलाना चाहती थी? ····बहुत सारी बातें करने के लिए····

(iii) वैजंती किसका इंतज़ार कर रही है? ····वर्षा बंद होने का····

(iv) सूरज दादा कहाँ छिप गए थे? ····बादलों के पीछे····





Scanned with CamScanner

3. **सही ✓ या गलत ✗ लगाएँ—**

(i) ई-मेल कागज़ पर लिखकर भेजी जाती है। ✗

(ii) वैजंती ई-मेल तारों को भेजना चाहती थी। ✗

(iii) बारिश के कारण वैजंती ई-मेल नहीं भेज सकी। ✓

(iv) वैजंती को नानी ने चंदा मामा की कहानी सुनाई। ✓

4. **चित्र देखकर दो-दो नाम लिखें—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ....चाँद.... | ....शशि.... | | ....घर.... | ....गृह.... |
| ....सूरज.... | ....रवि.... | | ....वर्षा.... | ....बारिश.... |

5. **इन वाक्यों को अंग्रेज़ी में लिखें—**

(i) वैजंती एक छोटी बच्ची है।

....Vaijanti is a little girl. ....

(ii) उसने नानी से चाँद की कहानी सुनी।

....She heard a moon's story from her grandmother. ....

(iii) वह चुनमुन भैया से ई-मेल लिखवाएगी।

....She will ask Chunmun Bhaiya to write an e-mail. ....

Scanned with CamScanner